हमारा वोट
हमारी सरकार
VOTE


लोकसभा आम चुनाव 2019
मतदाता जागरूकता कार्यक्रम
(स्वीप)
मतदान तिथि - 29-04-2019
हस्ताक्षर अभियान

राष्ट्रीय सेवा योजना
श्री राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन
राजकीय महिला महाविद्यालय
जालोर (राज.)

कार्यालय प्राचार्य, श्री राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन, राजकीय महिला महाविद्यालय, जालोर

दिनांक 25.01.2022

प्रेस समाचार

श्री राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन राजकीय महिला महाविद्यालय, जालोर में आज दिनांक 25.01.2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। जिसमें प्राचार्य डॉ. एम. एल. जांगिड़ ने मतदान के महत्व की सविस्तार व्याख्या की एवं 18 वर्ष से अधिक सभी भारतीय नागरिकों को मतदान करने एवं अपनी सरकार चुनने का अधिकार वाले बताया एवं राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2022 की थीम **"मतबूत लोकतंत्र के लिए चुनावी साक्षरता"** का भी व्याख्या की। महाविद्यालय के सह आचार्य श्री मोहम्मद इरफान ने 'मतदाता शपथ' दिलाई।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पीपाराम ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाने एवं वोटर हेल्प लाईन एप्प को अधिक से अधिक डाउनलोड कर इसके उपयोग के बारे में सहविस्तार समझाया। महाविद्यालय में मतदाता दिवस पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसमें सुश्री आरती कुमारी, बी. ए. तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान ने सुश्री करूणा, बी. ए. तृतीय वर्ष ने द्वितीय स्थान एवं सुश्री हिना कंवर, बी. ए. तृतीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ पोस्टर प्रतियोगिता में सुश्री हिना कंवर, बी. ए. तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान, सुश्री अमिषा राजपुरोहित, बी. ए. तृतीय वर्ष ने द्वितीय स्थान एवं सुश्री ज्योत्सना राव, एम. ए. उतरार्द्ध ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ स्लोगन प्रतियोगिता में सुश्री हिना कंवर, बी. ए. तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान, सुश्री ज्योत्सना राव, एम. ए. उतरार्द्ध ने द्वितीय स्थान एवं सुश्री अनिता सोलंकी, बी. ए. तृतीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर श्री शंकर लाल माली, श्री सुमित दवे, श्री मुकेश कुमार, श्री रतन लाल, श्री बुद्धसिंह आदि उपस्थित रहें।

प्राचार्य

PRESS -Not

पुनरीक्षण कार्यक्रम में मतदाताओं का नाम जोड़ना सुनिश्चित करें : निर्वाचन अधिकारी

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर दिए निर्देश

भास्कर न्यूज | जालोर

जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत जैन की अध्यक्षता में मंगलवार को डीओआईटी सभागार में द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर बैठक हुई। कलेक्टर ने वीसी के माध्यम से बैठक लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी निशान्त जैन ने कहा कि निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2023 के तहत मतदाता सूची में नाम जोड़ने से शेष रहे मतदाताओं के साथ ही पात्र नव मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाना सुनिश्चित करें। साथ ही 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगजन, महिलाओं, ट्रांसजेंडर, 80 वर्ष से अधिक आयु वृद्धजन एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह के मतदाताओं का विशेष रूप से मतदाता सूची में नाम प्रविष्ट करने की बात कही। इसके अलावा सरकारी व निजी शैक्षणिक संस्थाओं में कैंप आयोजित कर 18-19 आयु वर्ग के नवयुवक छात्र-छात्राओं का पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्था फर्नीचर, हेल्प डेस्क, बिजली, रैम्प, संकेतक, शौचालय, पानी इत्यादि की शत-प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय कुमार वासु, जालोर उपखंड अधिकारी दौलतराम चौधरी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे साथ ही वीसी के माध्यम से जिले के समस्त उपखंड अधिकारी, तहसीलदार व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी जुड़े रहे।

जालोर. बैठक में मौजूद अधिकारी।

डॉ. पीपाराम (EAFM) ने Meeting में भाग लिया।

01.06.2023

जालोर भास्कर

दैनिक भास्कर (जालोर)

दिनांक :- 21.11.2018

कॉलेज में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन

भास्कर न्यूज | जालोर

शहर के श्री राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन राजकीय महिला महाविद्यालय में विधानसभा आम चुनाव के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में स्वीप कार्यक्रम के तहत मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. अनिता कोठारी ने बताया कि छात्राओं ने मतदाता जागरूकता से संबंधित मेहंदी रचाकर अधिक से अधिक मतदान करने का संदेश दिया। छात्राओं द्वारा अपने हाथों पर मतदाता जागरूकता से संबंधित बूथ का परिदृष्य, मतदाताओं की कतार, एरो सील, परिवार के सभी मतदाताओं का मतदान करते जाते हुए का दृश्य, मतदान जागरूकता के नारे आदि को कलात्मक ढंग से उकेरा तथा मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। इस प्रतियोगिता में बंटू कुमारी, काजल राव, कविता, रोजिना बानू, जशोदा एवं पूजा कुमारी आदि ने भाग लिया। निर्णायक की भूमिका सह आचार्य अनुराधा सक्सैना, एवं डॉ. सोहन लाल ने निभाई। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. वगताराम चौधरी एवं छात्राएं उपस्थित रही।

जालोर. महाविद्यालय में मेहंदी प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं।

आहोर | मंगलवार को महाविद्यालय आहोर में युवा विकास केंद्र के तत्वाधान में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने विधानसभा आम चुनाव 2018 के तहत महाविद्यालय में स्वीप कार्यक्रम के तहत नारा लेखन, वाद-विवाद व क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्राचार्य डॉ गोपीकिशन चितारा, सोनल मीना, नरेन्द्र कुमार सोनी, शंकरलाल चौधरी एवं छात्रसंघ पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का संचालन युवा विकास केंद्र प्रभारी और समन्वयक डॉ अशोक कुमार खोरवाल ने किया।

कार्यालय प्राचार्य, श्री राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन, राजकीय महिला महाविद्यालय, जालोर

दिनांक 28.11.2018

प्रेस समाचार

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में चल रहे स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कर मतदान जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. वगताराम चौधरी ने बताया कि प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे –

पोस्टर प्रतियोगिता :–

प्रथम स्थान :– लता, बी. ए. द्वितीय वर्ष
द्वितीय स्थान :– राव काजल, एम. ए. हिन्दी (पू)
तृतीय स्थान :– पूजा कुमारी, एम. ए. हिन्दी (पू) एवं ज्योत्स्ना बी. ए. द्वितीय वर्ष

नारा लेखन प्रतियोगिता :–

प्रथम स्थान :– लता, बी. ए. द्वितीय वर्ष
द्वितीय स्थान :– हेमलता, एम. ए. हिन्दी (पू)
तृतीय स्थान :– खुशबू सोनी,

मांडणा प्रतियोगिता :–

प्रथम स्थान :– ममता, बी. ए. तृतीय वर्ष एवं विमला, बी. ए. प्रथम वर्ष
द्वितीय स्थान :–दीपिका, ज्योत्स्ना बी. ए. द्वितीय वर्ष
तृतीय स्थान :– रोजिना बानू एवं जसोदा, बी. ए. द्वितीय वर्ष

रंगोली प्रतियोगिता :–

प्रथम स्थान :– रोजिना बानू, जसोदा एवं कविता बी. ए. द्वितीय वर्ष
द्वितीय स्थान :–डिम्पल, ममता बी. ए. तृतीय वर्ष
तृतीय स्थान :– निराली गौड एवं रिंकु कंवर बी. ए. तृतीय वर्ष

मेहन्दी प्रतियोगिता :–

प्रथम स्थान :– पूजा कुमारी एवं राव काजल एम. ए. हिन्दी (पू)
द्वितीय स्थान :–बन्टू कुमारी एम. ए. हिन्दी (पू)
तृतीय स्थान :– रोजिना बानू बी. ए. द्वितीय वर्ष

निर्णायक की भूमिका श्रीमती अनुराधा सक्सैना, श्री मोहम्मद इरफान, डॉ. सोहन लाल एवं डॉ. पीपाराम ने निभाई। साथ ही संगम सप्ताह के तहत केनवास पर हस्ताक्षर अभियान द्वारा अधिक से अधिक मतदान जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है।

प्राचार्य

PRESS -Not

राजस्थान पत्रिका (जालोर)

29.11.2018

दवे आदि मौजूद रहे।

मतदान के लिए किया जागरूक

शहर स्थित राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में चल रहे स्वीप कार्यक्रम के तहत बुधवार को विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कर मतदान जागरुकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. वगताराम चौधरी ने बताया कि पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीए द्वितीय वर्ष की लता, द्वितीय स्थान एमए हिंदू पूर्वार्द्ध की काजल, तृतीय स्थान एमए हिंदू पूर्वार्द्ध की पूजाकुमारी व बीए द्वितीय वर्ष की ज्योत्सना ने प्राप्त किया। इसी तरह

रेवतड़ा में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते बच्चे।

नारा लेखन में लता बीए द्वितीय वर्ष, हेमलता एमए हिन्दी (पू) व खुशबू सोनी, मांडणा प्रतियोगिता में ममता बीए तृतीय वर्ष व विमला बीए प्रथम वर्ष, दीपिका, ज्योत्सना बीए द्वितीय वर्ष व रोजिना बानू एवं जसोदा बीए द्वितीय वर्ष, रंगोली में रोजिना बानू, जसोदा एवं कविता बीए द्वितीय वर्ष, डिम्पल, ममता बीए तृतीय वर्ष, निराली गौड एवं रिंकू कंवर बीए तृतीय वर्ष, मेहंदी में पूजा कुमारी एवं काजल एमए

राजस्थान पत्रिका (जालोर)

29.11.2018

दवे आदि मौजूद रहे।

मतदान के लिए किया जागरूक

शहर स्थित राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में चल रहे स्वीप कार्यक्रम के तहत बुधवार को विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कर मतदान जागरुकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. वगताराम चौधरी ने बताया कि पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीए द्वितीय वर्ष की लता, द्वितीय स्थान एमए हिंदू पूर्वार्द्ध की काजल, तृतीय स्थान एमए हिंदू पूर्वार्द्ध की पूजाकुमारी व बीए द्वितीय वर्ष की ज्योत्सना ने प्राप्त किया। इसी तरह

रेवतड़ा में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते बच्चे।

नारा लेखन में लता बीए द्वितीय वर्ष, हेमलता एमए हिन्दी (पू) व खुशबू सोनी, मांडणा प्रतियोगिता में ममता बीए तृतीय वर्ष व विमला बीए प्रथम वर्ष, दीपिका, ज्योत्सना बीए द्वितीय वर्ष व रोजिना बानू एवं जसोदा बीए द्वितीय वर्ष, रंगोली में रोजिना बानू, जसोदा एवं कविता बीए द्वितीय वर्ष, डिम्पल, ममता बीए तृतीय वर्ष, निराली गौड एवं रिंकू कंवर बीए तृतीय वर्ष, मेहंदी में पूजा कुमारी एवं काजल एमए

कार्यालय प्राचार्य, श्री राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन राजकीय महिला महाविद्यालय, जालोर

दिनांक 23.12.2018

–: प्रेस समाचार :–

श्री राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन राजकीय महिला महाविद्यालय में आज राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन श्री मुकेश कुमार सोलंकी, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी, जालोर के मुख्य आतिथित्य में सम्पन्न हुआ। श्री सोलंकी ने स्वयंसेविकाओं को सम्बोधित करते हुए शिविर के दौरान समाज सेवा, राष्ट्र सेवा एवं लोगों के लिए कल्याणकारी कार्य करने का संदेश दिया। इन्होंने कहा कि स्वयंसेविकाओं को जीवन में सदैव सत्य एवं स्वअनुशासन का पालन करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में संस्कारों में महिलाओं की भूमिका अग्रणीय रही है। उन्होंने अनेक महिलाओं का दृष्टान्त देते हुए बताया कि विश्व तथा भारत में अनेक क्षेत्रों में महिलाएं अच्छी भूमिका निभा रही है। श्री सोलंकी ने भारतीय निर्वाचन आयोग के स्वीप कार्यक्रम पर बोलते हुए कहा कि प्रत्येक वोट अमूल्य है सभी को जागरूक होकर राष्ट्र हित में मतदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि 01 जनवरी 2019 को जो व्यक्ति 18 वर्ष या अधिक का हो रहा है वो निर्वाचन नामावली में अपना नाम जुड़वा सकता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सेवानिवृत्त प्राचार्य श्री बाबूलाल कुम्हार ने स्वयंसेविकाओं व्यवहारिक जीवन में समय की पाबन्दी एवं जीवन मूल्यों को अपनाने की सलाह दी।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. वगताराम चौधरी ने शिविर की कार्य योजना की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए स्वयंसेविकाओं को पूर्ण मनोयोग एवं सहयोग की भावना से शिविर में कार्य करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के श्री विष्णु कुमार गोयल, श्री शंकर लाल माली, श्री मुकेश कुमार सहित स्वयंसेविकाएं उपस्थित रही।

एन. एस. एस प्रभारी
(डॉ. वगताराम चौधरी)

राजस्थान पत्रिका (जालोर)

दि० - 03.04.2019

छात्राओं ने ली मतदान की शपथ

जालोर. शहर स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में लोकसभा आम चुनाव 2019 स्वीप कार्यक्रम के तहत मंगलवार को महाविद्यालय की छात्राओं ने 29 अप्रेल 2019 को मतदान करने की शपथ ली। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. वगताराम चौधरी ने बताया कि स्वयंसेविकाएं गांवों व कस्बों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के दौरान अधिकाधिक लोगों को मतदान करने की अपील करेंगी। आगामी दिनों में महाविद्यालय की छात्राएं रंगोली, मेहंदी, माण्डना, नारा लेखन व कपड़े पर हस्ताक्षर आदि गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश देंगी। कार्यवाहक प्राचार्यबाबूलाल देवड़ा ने छात्राओं से स्वस्थ व सुदृढ़ लोकतंत्र के लिए अधिकाधिक लोगों तक मतदान अधिकार के प्रयोग का संदेश पहुंचाकर जागरूकता कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। महाविद्यालय की छात्रा अन्नपूर्णा को स्वीप कार्यक्रम के लिए कैम्पस एम्बेसेडर बनाया गया है। इस अवसर पर मोहम्मद इरफान, डॉ. पीपाराम, विष्णु कुमार गोयल व शंकरलाल सहित कई मौजूद रहे।

दैनिक नवज्योति

दि॰ 03.04.2019 (पृ॰ 02)

महाविद्यालय की छात्राओं ने मतदान करने की शपथ ली

जालोर। श्री राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन राजकीय महिला महाविद्यालय में लोक सभा आम चुनाव 2019 स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत महाविद्यालय की छात्राओं ने 29 अप्रेल 2019 को मतदान करने की शपथ ली। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. वगताराम चौधरी ने बताया कि स्वयंसेविकाएं गांवों/कस्बों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के दौरान अधिक से अधिक मतदान करने की लोगो से अपील करेगी। आगामी दिनों में महाविद्यालय की छात्राएं रंगोली, मेहन्दी, माण्डना, नारा लेखन, कपड़े पर हस्ताक्षर आदि गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश देगी। कार्यवाहक प्राचार्य बाबूलाल देवड़ा ने छात्राओं से आह्वान किया कि वे स्वस्थ एवं सुदृढ लोकतंत्र के लिए अधिक से अधिक लोगो तक मतदान अधिकार के प्रयोग का संदेश पहुंचाकर जागरूकता कार्यक्रम को सफल बनावें। महाविद्यालय की छात्रा अन्नपूर्णा पुत्री सांवलाराम को स्वीप कार्यक्रम के लिए केंपस एंबेसेडर नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर मोहम्मद इरफान, डॉ. पीपाराम, विष्णु कुमार गोयल व शंकरलाल माली सहित महाविद्यालय स्टाफ व छात्राएं मौजूद रही।

कार्यालय प्राचार्य, श्री राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन, राजकीय महिला महाविद्यालय, जालोर

दिनांक 15.06.2019

प्रेस समाचार

श्री राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन राजकीय महिला महाविद्यालय, जालोर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयंसेविका रिंकु कंवर पुत्री श्री रूप सिंह, बी. ए. भाग तृतीय की नियमित छात्रा को आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर द्वारा सत्र 2017–18 में स्वयंसेविका के रूप में उल्लेखनीय कार्य के लिए दिनांक 14 जून 2019 को राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

पुरस्कार समारोह दिनांक 14.06.2019 को राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड, राज्य मुख्यालय जयपुर में आयोजित हुआ। राज्य स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि श्री भंवरसिंह भाटी, उच्च शिक्षा मंत्री, राजस्थान सरकार ने महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. वगताराम चौधरी को छात्रा का यह पुरस्कार प्रदान किया। छात्रा रिंकु कंवर ने सत्र 2017–18 में वर्ष पर्यन्त विभिन्न गतिविधियों द्वारा महाविद्यालय एवं अन्य स्थानों पर साफ–सफाई एवं स्वच्छता के प्रति लोगो को जागरूक किया, मतदाता जागरूकता कार्यक्रम (स्वीप) अभियान चलाया, स्कूली शिक्षा में बच्चों का विद्यालय में प्रवेश, पौधारोपण एवं गर्मियों में वृक्षों पर परिण्डे लगाये तथा महाविद्यालय की सहशैक्षणिक गतिविधियों में भी भाग लेकर स्थान प्राप्त किया साथ ही राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार–प्रसार किया।

महिला महाविद्यालय से राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की दो स्वयंसेविकाओं सुश्री रिंकु कंवर पुत्री श्री रूपसिंह, सुश्री निराली गौड पुत्री श्री लेखराज गौड़ के आवेदन राज्य स्तरीय पुरस्कार 2017–18 हेतु कार्यक्रम अधिकारी डॉ. वगताराम चौधरी की अनुशंषा पर प्राचार्य द्वारा अग्रेषित किये गये। जिसमें से छात्रा सुश्री रिंकु कंवर का चयन राज्य स्तरीय चयन समिति द्वारा किया गया।

प्राचार्य

समाचार-प्रकाशनार्थ

26 RATI

राजस्थान पत्रिका

दि. 16.06.2019 पृ. 09

उल्लेखनीय कार्य के लिए मिला पुरस्कार

जालोर @ पत्रिका. शहर स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयंसेविका रिंकू कंवर पुत्री रूपसिंह बीए भाग तृतीय की नियमित छात्रा को आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा जयपुर की ओर से सत्र 2017-18 में स्वयंसेविका के रूप में उल्लेखनीय कार्य के लिए गत 14 जून को राज्य स्तरीय पुरस्कार दिया गया। यह समारोह गत 14 जून को राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड राज्य मुख्यालय जयपुर में हुआ था। राज्य स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री राजस्थान सरकार भंवरसिंह भाटी ने महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. वगताराम चौधरी को छात्रा का यह पुरस्कार प्रदान किया। छात्रा ने सत्र 2017-18 में वर्ष पर्यंत विभिन्न गतिविधियों से महाविद्यालय व अन्य स्थानों पर स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम (स्वीप) अभियान चलाया। स्कूली शिक्षा में बच्चों का विद्यालय में प्रवेश, पौधारोपण व गर्मियों में वृक्षों पर परिण्डे लगाने के साथ महाविद्यालय की सहशैक्षणिक गतिविधियों में भी भाग लेकर स्थान प्राप्त किया। साथ ही राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया। महिला महाविद्यालय से राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की दो स्वयंसेविकाओं रिंकू कंवर व निराली गौड़ पुत्री लेखराज गौड़ के आवेदन राज्य स्तरीय पुरस्कार 2017-18 के लिए कार्यक्रम अधिकारी डॉ. चौधरी की अनुसंशा पर प्राचार्य ने भेजे थे। जिसमें से छात्रा रिंकू कंवर का चयन राज्य स्तरीय चयन समिति की ओर से किया गया।

दैनिक भास्कर (जालोर) 26 जनवरी 2020

3.4.3

स्वीप, स्वप्रेरणा व समाज में जन जागरूकता से जिले में मतदान प्रतिशत में वृद्धि हुई:सोनी

जालोर. मतदाता जागरूकता के लिए बनाई रंगोली।

जालोर. मतदाता जागरूकता के दौरान सम्मानित करते जिला कलेक्टर।

10 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह पूर्वक संपन्न

भास्कर न्यूज | जालोर

जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र सोनी के मुख्य आतिथ्य में 10 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस शनिवार को स्टेडियम परिसर में स्थित बहुउद्देशीय सभाकक्ष में समारोहपूर्वक मनाया गया। जहां चुनाव संबंधित कार्य एवं स्वीप गतिविधियों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में श्रेष्ठ कार्य करने वाले कार्मिकों तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता रहे छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी महेन्द्र सोनी ने कहा कि स्वीप कार्यक्रम, स्वप्रेरणा एवं समाज में जन जागरूकता से जिले में मतदान प्रतिशत में वृद्धि हुई हैं तथा मतदान के प्रति जन चेतना रैली, रंगोली, दीपदान जैसे कार्यक्रमों से भी लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा वोटर हेल्पलाइन, दिव्यांगजन के लिए व्हील चेअर, अंधे मतदाताओं के लिए ब्रेन लिपि आदि के प्रयोग से मतदाताओं में उत्साह बढ़ा है जिसके फलस्वरूप मतदान प्रतिशत में सराहनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने बीएलओ के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि चुनाव कार्य में बीएलओ की भूमिका प्रशंसनीय व महत्वपूर्ण हैं जिसके कारण वर्ष पर्यन्त चुनाव आयोग के निर्देशानुसार चलाए गए विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम व स्वीप गतिविधियों से जिले में शत-प्रतिशत मतदाता पहचान पत्र बनना संभव हो पाया है। इस अवसर पर उपस्थित सभी मतदाताओं एवं कार्मिकों को लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण बनाए रखने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी छगनलाल गोयल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी अशोक कुमार, जालोर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी चंपालाल जीनगर मौजूद रहे। समारोह का संचालन अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी मुकेश सोलंकी ने किया। समारोह में सायला उपखण्ड अधिकारी गोमती शर्मा, जालोर तहसीलदार मादाराम मीणा, जालोर नगर परिषद के आयुक्त जगदीश खिंचड़, डाइट के वरिष्ठ व्याख्याता भैराराम चौधरी सहित बीएलओ, नवपंजीकृत मतदाता, महाविद्यालय व स्कूली छात्र-छात्राएं, अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

राज्य स्तर पर प्रथम आने पर स्वीप प्रभारी व सहायक प्रभारी को किया सम्मानित

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शनिवार को बहु उद्देश्य सभागार में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में जिला निर्वाचन अधिकारी महेन्द्र सोनी ने वर्ष 2019 में जालोर जिले में लोकसभा चुनाव में पिछले चुनाव की अपेक्षा 7.12 प्रतिशत मतदान वृद्धि एवं महिला मतदान में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि के साथ राज्य स्तर पर 33 जिलों में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर स्वीप कार्यक्रम के प्रभारी अधिकारी व जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अशोक कुमार एवं स्वीप के सहायक प्रभारी अधिकारी डाइट के वरिष्ठ व्याख्याता भैराराम को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

मतदाता जागरूकता के लिए बनाई रंगोली विशेष आकर्षक का केन्द्र रही : राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर बहुउद्देशीय सभागार में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए बनाई गई रंगोली विशेष आकर्षण का केन्द्र रही। समारोह में छात्राओं ने भारत निर्वाचन आयोग के मोनोग्राम एवं वोट फोर बेटर इण्डिया की रंगोली के माध्यम से मतदाताओं को लोकतंत्र के मजबूती के लिए मतदान की अपील की। वही पहली बार मतदाता सूची में अपने नाम जुडने पर युवा मतदाताओं में उत्साह नजर आया।

राजस्थान पत्रिका (जालोर)

दि. 16.12.2020

प्रतियोगिता आयोजित

जालोर. राजकीय महिला महाविद्यालय की ओर से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम व मतदाता पंजीकरण में अभिवृद्धि को लेकर प्रचार-प्रसार (स्वीप) के तहत ऑनलाइन नारालेखन प्रतियोगिता करवाई गई। प्राचार्य अनुराधा सक्सेना ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर संतोष चौधरी (एमए फाइनल हिन्दी), द्वितीय यशोदा कुमारी (बीए प्रथम वर्ष) व तृतीय स्थान पर दीपूकुमारी बीए प्रथम वर्ष रही।

1

~~राजस्थान~~

दैनिक भास्कर (जालोर)

दि. 16.12.2020

मतदाता जागरुकता के लिए कार्यक्रम आयोजित

जालोर | श्री राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन राजकीय महिला महाविद्यालय द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम एवं मतदाता पंजीकरण में अभिवृद्धि के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाये गये। प्राचार्य अनुराधा सक्सैना ने बताया कि प्रतियोगिता के परिणाम के दौरान प्रथम स्थान पर संतोष चौधरी एमए फाईनल हिन्दी, द्वितीय स्थान पर यशोदा कुमारी बीए प्रथम वर्ष एवं तृतीय स्थान पर दीपू कुमारी बीए प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया।

26 जनवरी 2021

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया में बीएलओ सबसे महत्वपूर्ण कड़ी

मतदाता दिवस पर कार्यशाला आयोजित, शपथ दिलवाई

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

जालोर. राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु गुप्ता ने कहा कि लोकतंत्र भारत की मजबूती का मूल आधार निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया है। भारत निर्वाचन आयोग की प्रक्रिया में निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही के लिए बीएलओ महत्वपूर्ण कड़ी है। गुप्ता ने युवा शक्ति से अपने मत का प्रयोग का आह्वान करते हुए आमजन से ई-इपिक सुविधा का लाभ लेने की बात कही ताकि निर्वाचन आयोग की मंशा फलीभूत हो सके। समारोह के प्रारंभ में राउमावि बालिका प्रताप चौक जालोर की बालिकाओं ने राष्ट्रगान की प्रस्तुति दी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी छगनलाल गोयल ने भी संबोधित किया। समारोह में जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु गुप्ता ने उपस्थित बीएलओ, नव मतदाताओं, अधिकारियों-कर्मचारियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलवाई। इस मौके जालोर उपखण्ड अधिकारी चम्पालाल जीगनर, तहसीलदार मादाराम मीणा, डाइट के वरिष्ठ व्याख्याता भैराराम चौधरी सहित बीएलओ, नव मतदाता एवं निर्वाचन से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

जालोर. मतदाता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते कलक्टर।

आहोर में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर युवा मतदाताओं को संबोधित करते अधिकारी।

जालोर. महिला कॉलेज में मतदाता दिवस पर शपथ लेती छात्राएं।

4 सुपरवाइजर एवं 15 बीएलओ सम्मानित

समारोह में जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु गुप्ता ने जिले के 4 सुपरवाइजर एवं 15 बीएलओ को सम्मानित किया। समारोह में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा आहोर विधानसभा के बीएलओ रामावि मायलावास के अध्यापक सोहनलाल टेलर द्वारा 133 ई-इपिक कार्ड बनाने की प्रक्रिया के फलस्वरूप इन्हें राज्य स्तर के साथ-साथ जिला स्तर पर सम्मानित किया। आहोर विधानसभा क्षेत्र के सुपरवाइजर राउमावि गुड़ाबालोतान के व.अ. दिनेश कुमार एवं बीएलओ राउप्रावि जोगवा के अध्यापक ओमप्रकाश व्यास व राउप्रावि मोरू के अध्यापक महेश कुमार, जालोर विधानसभा क्षेत्र के सुपरवाईजर बागरा भू.अ.नि. मोहनसिंह एवं बीएलओ राउमावि बावतरा के अध्यापक मांगीलाल, राउमावि सायला के अध्यापक रणछोड़ाराम व राउप्रावि रानीवाड़ा काबा के प्रबोधक छैलसिंह को, भीनमाल विधानसभा क्षेत्र के सुरवाईजर राउमावि कोरा के व.अध्यापक कृष्ण कुमार चौधरी एवं बीएलओ राबामावि धोरा ढाल भीनमाल के व.अध्यापक पदमसिंह चौहान, राउमावि बासड़ाधनजी के शा.शिक्षक राकेश मीणा व राप्रावि पीराणियों की ढ़ाणी नई मोरसीम के अध्यापक विरमाराम कलबी को, सांचौर विधानसभा क्षेत्र में बीएलओ राउप्रावि बगसड़ी के अध्यापक पपीहा गर्ग, राउमावि धमाणा का गोलिया के शा.शिक्षक मोहनलाल व राउमावि हेमागुड़ा के अध्यापक चतुराराम विश्नोई को तथा रानीवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के सुपरवाईजर रामावि रोड़ा के व.अध्यापक अमरदान एवं बीएलओ राउमावि जाखड़ी के अध्यापक खेमाराम परमार, राबाउप्रावि वासनदेवड़ान के अध्यापक मोहनलाल व राउप्रावि जाविया के अध्यापक वगताराम को योग्यता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला स्तरीय समारोह में जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु गुप्ता द्वारा 10 नव मतदाताओं को इपिक कार्ड देकर माल्यार्पण कर अभिनन्दन किया गया।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ दिलाई

25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु गुप्ता ने कलेक्ट्रेट परिसर में अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी छगनलाल गोयल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय कुमार वासु, जालोर उपखण्ड अधिकारी चम्पालाल जीनगर सहित कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित उपस्थित थे।

छात्राओं ने ली शपथ

महिला महाविद्यालय में कार्यवाहक प्राचार्य श्रीमती अनुराधा सक्सैना ने निर्वाचन आयोग से प्राप्त मतदाताओं द्वारा ली जाने वाली शपथ दिलाई, जिससे प्रजातंत्र में भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। संगोष्ठी में बाबूलाल देवड़ा, सह आचार्य समाज शास्त्र ने उपस्थित छात्राओं से आह्वान किया कि वे जिनकी आयु 18 वर्ष या अधिक है को अनिवार्य मतदाता पंजीयन के लिए जागरूक करें।

IMG_20201208_211320.jpg



नाम → दिपु कुमारी D/o बाबूलाल जी राव
कक्षा → B.A. I
मोबाईल नं. → 9587852299

मतदाता संबंधित नारा लेखन

जन- जन का यह नारा है।
मतदान अधिकार हमारा है ॥

युवा मतदाताओं को जगाना है।
देश को आगे बढ़ाना है ॥

वोट हमारा है अधिकार।
[illegible] ॥

जागरूक मतदाता की पहचान।
अपने वोट का करे [illegible] ॥

वोट डालने जायेंगे।
[illegible] ॥

सही लोकतंत्र की क्या पहचान।
जागरूक मतदाता नीकि मतदान ॥

हम है जागरूक मतदाता है।
भारत के भाग्यविधाता है ॥

नाम सन्तोष चौधरी
कक्षा M.A F हिन्दी Final Year
पिता श्री दशरथराम

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम पर
नारे
मतदान

1st

(1) वोटर लिस्ट में नाम लिखवाए।
वोटर कार्ड सभी बनवाये॥

(2) करे देश का जो उत्थान।
करे उसी को हम मतदान॥

(3) 18 वर्ष की उम्र कर ली पार।
मिला वोट का अब अधिकार॥

(4) युवा हो तुम देश की शान।
जागो, उठो करो मतदान॥

(5) जन-जन की यही पुकार।
वोट डालो अबकी बार॥

(6) बनो देश के भाग्य-विधाता।
अब जागो प्यारे मतदान॥

7

(7) घर-घर में संदेश हो।
वोट दो, वोट दो॥

(8) अंकल-आंटी मान जाओ।
वोट डालोगे, क्रसम खाओ॥

(9) सारे काम छोड़ दो।
सबसे पहले वोट दो॥

(10) जन-जन को चेताना है।
मतदाता को जगाना है॥

(11) न नशे से न नोट से।
किस्मत बदलेगी, वोट से॥

(12) लोकतंत्र की है, पहचान।
मत, मतदाता और मतदान॥

(13) लोकतंत्र में हिस्सेदारी।
हम सब की जिम्मेदारी॥

(14) न नशे से न नोट से।
किस्मत बदलेगी वोट से॥

देर करो मत, जल्दी भागो ।।

(46) चाची, भाभी आगे आओ।
बढ़कर वोट का बटन दबाओ ।।

(47) चाहे जो भी हो मजबूरी।
वोट डालना बहुत जरूरी ।।

(48) वोट की कीमत कभी न लेंगे।
लेकिन वोट जरूर देंगे ।।

(49) वोट हमारा है अनमोल।
कभी न लेंगे इसका मोल ।।

(50) जब भी वोट डालने जाएं।
पहचान पत्र साथ ले जाएं।।

(51) करे राष्ट्र का जो उत्थान।
करें उसी को हम मतदान ।।

(52) जन-जन का यह नारा है।
मतदान अधिकार हमारा है।।

(53) मतदान के दिन जो सोएगा।
पांच बरस मौका खोएगा ।।

(54) हर एक है वोट बड़ा महान।
यह है अपने देश की शान ।।

(55) वोट देना गर्व है।
जनता का यह पर्व है ।।

(56) घर से निकलो बच्चा - बच्चा।
वोट की बेला आई है ।।

(57) समय वोट के लिए जरूर
निकालें इस जिम्मेदारी को कभी
ना टालें।

(12) एक वोट से होती जीत हार।
वोट न हो कोई बेकार ॥

(13) घर - घर अलख जगाएँगे
मतदाता जागरूक बनाएंगे।

(14) मत देना अपना अधिकार।
बदले मे ना लो उपहार॥

(15) आपके हाथों में है ताकत।
सही उम्मीदवार को दे मत॥

(16) जागरूक समाज की क्या पहचान।
शत प्रतिशत हो मतदान॥

(17) वोट में अपना देकर साई।
चुनकर है सरकार बनाई॥